15/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

मिजोरम के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि असम राइफल्स मुख्यालय को सेंट्रल आइजोल से ज़ोखावसांग में स्थानांतरित करना एक लंबे समय से प्रतीक्षित मांग को पूरा करता है और मिजो लोगों के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने पूर्वोत्तर में शांति को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने असम के डेरगांव में पुनर्निर्मित अत्याधुनिक लाचित बोरफुकोन पुलिस अकादमी का उद्‌घाटन किया और पुलिस अकादमी आवास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

0000000000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने गुरुवार को ईटानगर में राज्य में नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए राज्य की कार्ययोजना के समन्वय के लिए 5वीं राज्य स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनकॉर्ड) बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, नियमित रूप से जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठकें आयोजित करने, अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो के साथ समन्वय करने, अवैध अफीम और भांग की खेती को नष्ट करने की कार्य योजना, अफीम की खेती का पता लगाने के लिए इमेजरी का उपयोग, दिशानिर्देशों को लागु करने और नशामुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। मुख्य सचिव ने इन क्षेत्रों में अद्‌वितीय चुनौतियों का समाधान करने के

लिए तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग क्षेत्र पर केंद्रित एक विशेष रणनीति की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

0000000000000000000000

राज्य के खेल और SJETA मंत्री केंतो जिनी द्वारा स्वर्गीय दोरजी खांडू मेमोरियल जिला स्तरीय तीरंदाजी टूर्नामेंट के पहले संस्करण का आज तवांग के मेनसेमसे मेगा फेस्टिवल ग्राउंड में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि, तीरंदाजी में राज्य में विकास की काफी संभावनाएं हैं और सरकार के मिशन ओलंपिक 2028 और 2032 का उद्देश्य युवा खेल प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें विकसित करना है। तीरंदाजी टूर्नामेंट के तहत पारंपरिक शैली की तीरंदाजी में लगभग 30 टीमें और ओलंपिक शैली में वरिष्ठ वर्ग में तीन टीमें और जूनियर वर्ग में दो टीमें भाग लेंगी।

0000000000000000000000

शुक्रवार को इंटरनेशनल डे ऑफ़ एक्शन फ़ॉर रीवर्स के अवसर पर इटानगर में **'आवर रीवर्स, आवर फ़्यूचर'** थीम के तहत यागामसो नदी पर सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में 180 से अधिक छात्र स्वयंसेवकों ने इटानगर में आरडब्ल्यूडी कॉलोनी के पास 1 किलोमीटर के क्षेत्र से 12 टन कचरा हटाया। इसके साथ ही, स्वयंसेवकों ने पड़ोसी कॉलोनियों में घर-घर जाकर सूचना, शिक्षा और संचार अभियान चलाया और पर्चे भी बांटे।

0000000000000000000000

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे ने गत गुरुवार को नाहरलागुन स्थित तोमो रीबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज TRIHMS में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच और दक्षता में सुधार के लिए दो पायलट प्रोजेक्ट **'स्कैन एंड फाइंड'** और **'स्कैन एंड फीडबैक'** लॉन्च किए। सोशल मीडिया पोस्ट में, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दोनों पहलों से रोगियों, एटेंडेंट्स और विसिटर्स के अनुभव बेहतर होंने के साथ ही प्रशासन को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के पाक्के केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई और चांगलांग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, इन जिलों में अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बारिश होने की संभावन व्यक्त किया गाया है। साथ ही राज्य के तिराप एंव लोंगदिंग जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है इन जिलों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारीश होने की संभावना है।

0000000000000000000000

दूसरे खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के लिए आज ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें राज्य के पैरा-एथलीट्स को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर, विधायक सह खेल और युवा मामलो के मंत्री के सलाहकार झिंगनू नामचूम ने खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एथलीट्स को दृढ़

संकल्प के साथ प्रतिस्पर्धा करने और राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, दूसरे केआईपीजी के लिए खेल किट भी लॉन्च की गई। पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स के कांस्य पदक विजेता दाङ् तालिक को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन खेल विभाग द्वारा किया गया था।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 120वां एपिसोड होगा। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के ज़रिए दे सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov ओपन फ़ोरम के ज़रिए ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जाएँगे।

0000000000000000000000

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने छात्रों द्वारा विकसित नए स्टार्टअप के लिए पूर्ण सरकारी समर्थन का आश्वासन दिया है। आज तमिलनाडु के आईआईटी थाईयूर में हाइपरलूप परियोजना में शामिल छात्रों के साथ बातचीत करने के बाद, मंत्री ने इसके विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया और छात्रों से नवीन प्रौद्योगिकी प्रोटोटाइप पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। आज श्रीपेरंबुदूर में ज़ेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के उद्घाटन को संबोधित करते हुए, वैष्णव ने 1,112 करोड़ रुपये

के निवेश से श्रीपेरंबुदूर और मनालूर में दो नए इलेक्ट्रॉनिक उद्योग स्थापित करने की घोषणा की।

0000000000000000000000